केन्द्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ संभाग

विषय: हिन्दी 'अ' **(002)**	प्री-बोर्ड परीक्षा **2025-26**	कक्षा: दसवीं
समय: **3** घंटे		पूर्णांक: **80**

सामान्य निर्देश:

(i) इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।
(ii) इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
(iii) प्रश्नपत्र में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।
(iv) प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।

	खण्ड – क **(अपठित बोध)**	14
प्रश्न **1**	निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । आज के डिजिटल युग में, जहाँ सूचना हमारी उंगलियों पर है, वहीं एक बड़ा खतरा भी छिपा है - 'डिजिटल निरक्षरता'। डिजिटल साक्षरता का अर्थ केवल कंप्यूटर या स्मार्टफोन चलाना नहीं है, बल्कि इंटरनेट पर उपलब्ध सूचना की सत्यता को परखना, ऑनलाइन खतरों से खुद को सुरक्षित रखना और डिजिटल उपकरणों का रचनात्मक उपयोग करना भी है । बहुत से लोग सोशल मीडिया पर बिना सोचे-समझे कुछ भी साझा कर देते हैं, जिससे अफवाहें फैलती हैं और सामाजिक सौहार्द बिगड़ता है । ऑनलाइन फ्रॉड, साइबर-बुलिंग और डेटा चोरी जैसी समस्याएँ भी डिजिटल निरक्षरता के ही परिणाम हैं । हमें यह समझना होगा कि इंटरनेट एक शक्तिशाली उपकरण है, लेकिन इसका उपयोग विवेक और जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए । स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं को इस दिशा में पहल करनी चाहिए। पाठ्यक्रम में डिजिटल नागरिकता और ऑनलाइन सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल करना आवश्यक है । हमें अपने परिवार के बड़े-बुजुर्गों को भी डिजिटल दुनिया के खतरों से आगाह करना चाहिए और उन्हें सुरक्षित तरीके से तकनीक का उपयोग करना सिखाना चाहिए । एक सच्चा डिजिटल नागरिक वही है जो तकनीक का उपयोग अपने और समाज के विकास के लिए करे, न कि किसी के विनाश के लिए ।	7
(i)	निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए: 1. डिजिटल साक्षरता का अर्थ केवल कंप्यूटर और स्मार्टफोन चलाना है । 2. अफवाहें फैलने का एक मुख्य कारण सूचना को बिना परखे साझा करना है ।	1

	3. परिवार के बुजुर्गों को डिजिटल सुरक्षा सिखाना आवश्यक नहीं है । 4. इंटरनेट का उपयोग विवेक और जिम्मेदारी से किया जाना चाहिए । विकल्प: (क) केवल कथन 1 सही है । (ख) कथन 1 और 3 सही हैं । (ग) कथन 2 और 4 सही हैं । (घ) सभी कथन सही हैं ।	
(ii)	नीचे दिए गए कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए: कथन: पाठ्यक्रम में डिजिटल नागरिकता और ऑनलाइन सुरक्षा जैसे विषयों को शामिल करना आवश्यक है । कारण: डिजिटल नागरिकता और सुरक्षा की समझ से लोग ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर-बुलिंग जैसी समस्याओं से स्वयं को बचा सकते हैं । विकल्प: (क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है । (ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं । (ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है । (घ) कथन सही है, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।	1
(iii)	गद्यांश के अनुसार डिजिटल निरक्षरता का एक प्रमुख परिणाम क्या है? (क) सामाजिक सौहार्द का बढ़ना (ख) ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर-बुलिंग (ग) रचनात्मकता में वृद्धि (घ) तकनीक का सही उपयोग	1
(iv)	डिजिटल निरक्षरता को दूर करने के लिए कौन-से दो उपाय गद्यांश में सुझाए गए हैं ?	2
(v)	लेखक ने इंटरनेट को एक 'शक्तिशाली उपकरण' क्यों कहा है? स्पष्ट कीजिए ।	2
प्रश्न 2	निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए । कई गलियों के बीच कई नालों के पार कूड़े-करकट के ढेरों के बाद बदबू से फटते जाते इस टोले के अंदर ख़ुशबू रचते हैं हाथ ख़ुशबू रचते हैं हाथ ।	7

	उभरी नसोंवाले हाथ घिसे नाखूनोंवाले हाथ पीपल के पत्ते-से नए-नए हाथ जूही के डाल-से खुशबूदार हाथ गंदे कटे-पिटे हाथ ज़ख्म से फटे हुए हाथ ख़ुशबू रचते हैं हाथ ख़ुशबू रचते हैं हाथ । यहीं इस गली में बनती हैं मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ इन्हीं गंदे मुहल्ले के गंदे लोग बनाते हैं केवड़ा गुलाब खस और रातरानी अगरबत्तियाँ दुनिया की सारी गंदगी के बीच दुनिया की सारी ख़ुशबू रचते रहते हैं हाथ	
(i)	नीचे दिए गए कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए: कथन: यह कविता सामाजिक विषमता और विरोधाभास को दर्शाती है । कारण: क्योंकि इसमें खुशबू का सृजन करने वाले लोग स्वयं गंदगी और अभाव में रहने को विवश हैं । विकल्प: (क) कथन गलत है, किंतु कारण सही है । (ख) कथन और कारण दोनों ही गलत हैं। (ग) कथन सही है और कारण कथन की सही व्याख्या करता है । (घ) कथन सही है, किंतु कारण कथन की सही व्याख्या नहीं करता है ।	1
(ii)	काव्यांश के अनुसार 'मुल्क की मशहूर अगरबत्तियाँ' कहाँ बनती हैं ? (१) (क) बड़े और स्वच्छ कारखानों में (ख) पीपल और जूही के पेड़ों के नीचे (ग) नालों और कूड़े के ढेरों के पार, एक बदबूदार टोले में (घ) शहरों के बीचों-बीच स्थित गलियों में	1
(iii)	काव्यांश में विभिन्न प्रकार के हाथों का वर्णन करने का मुख्य उद्देश्य क्या है ? कथन **1.** यह दर्शाना कि अगरबत्ती बनाने वाले सभी आयु वर्ग के लोग हैं । **2.** कारीगरों की कठिन और शोषित जीवन-शैली को उजागर करना ।	1

	3. हाथों की सुंदरता का वर्णन करना । **4.** यह बताना कि काम करने से हाथ गंदे हो जाते हैं । विकल्प: **(**क) केवल **3** और **4** सही हैं । **(**ख) केवल **1** और **2** सही हैं । **(**ग) केवल **1, 3** और **4** सही हैं । **(**घ) सभी कथन सही हैं ।	
(iv)	काव्यांश में किन दो परस्पर विरोधी दृश्यों को एक साथ दर्शाया गया है**?** इस विरोधाभास के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है **?**	2
(v)	काव्यांश में वर्णित कारीगरों के हाथों की दशा (**'**उभरी नसोंवाले**', 'गट्ठे कट-पिटे', 'ज़ख्म से फटे हुए'**) उनकी किस सामाजिक-आर्थिक स्थिति की ओर संकेत करती है **?**	2
	खण्ड **–** ख **(**व्यावहारिक व्याकरण**)**	16
प्रश्न **3**	निर्देशानुसार **'**रचना के आधार पर वाक्य भेद**'** पर आधारित पाच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।	4x1= 4
(i)	वह बाजार गया और फल खरीदकर लाया । (सरल वाक्य में बदलिए)	
(ii)	जब बारिश हुई, तब मोर नाचने लगे । (सयुक्त वाक्य में बदलिए)	
(iii)	जो छात्र परिश्रम करते है, वे अवश्य सफल होते है । (उपवाक्य का भेद लिखिए)	
(iv)	हालदार साहब को उधर से गुजरते समय मूते में कुछ अतर दिखाई दिया । (मिश्र वाक्य में बदलिए)	
(v)	निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य पहचानिए: (क) सूर्योदय हुआ और अँधेरा चला गया । (ख) परिश्रमी व्यक्ति को सभी पसंद करते हैं । (ग) यदि तुम बुलाते, तो मैं अवश्य आता ।	
प्रश्न **4**	निर्देशानुसार **'**वाच्य**'** पर आधारित पांच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।	4x1= 4
(i)	बालगोबिन भगत प्रभातियाँ गाते थे । (कर्मवाच्य में बदलिए)	
(ii)	नानी द्वारा कहानी सुनाई गई । (कर्तृवाच्य में बदलिए)	
(iii)	मरीज से अब उठा नहीं जाता । (कर्तृवाच्य में बदलिए)	
(iv)	पक्षी आकाश में उड़ते है । (भाववाच्य में बदलिए)	
(v)	**'**सरकार द्वारा योजनाएं बनाई गईं ।**'** - वाक्य में वाच्य का भेद बताइए ।	

प्रश्न **5.**	निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए ।	4x1= 4
(i)	<u>हम</u> कल दिल्ली जाएंगे ।	
(ii)	बगीचे में <u>सुंदर</u> फूल खिले हैं ।	
(iii)	<u>वाह!</u> कितना मनोरम दृश्य है ।	
(iv)	वह <u>धीरे-धीरे</u> चलता है ।	
(v)	<u>शीला अग्रवाल</u> को कॉलेज वालों ने नोटिस थमा दिया ।	
प्रश्न **6.**	निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।	4x1= 4
(i)	जिसके अरुण कपोल की मतवाली सुंदर छाया में। <u>अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में ।</u> (अलंकार पहचानिए)	
(ii)	मातु पिताहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर। <u>गभिन्ह के अभिक दलन परसु मोर अति घोर ।</u> (अलंकार पहचानिए)	
(iii)	"सिर फट गया उसका वहीं। मानो अरुण रंग का घड़ा ।"- इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है?	
(iv)	'काटे <u>कुलिस सम बचनु तुम्हारा</u>'- अलंकार का नाम लिखिए ।	
(v)	<u>प्रीति-नदी</u> में पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी। - इस पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार बताइए ।	
	खंड – ग **(**पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक**)**	
प्रश्न 7	निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए। पर यह सब तो मैंने केवल सुना। देखा, तब तो इन गुणों के भग्नावशेषों को ढोते पिता थे । एक बहुत बड़े आर्थिक झटके के कारण वे इंदौर से अजमेर आ गए थे, जहाँ उन्होंने अपने अकेले के बल-बूते और हौसले से अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश (विषयवार) के अधूरे काम को आगे बढ़ाना शुरू किया जो अपनी तरह का पहला और अकेला शब्दकोश था।... सिकुड़ती आर्थिक स्थिति के कारण और अधिक विस्फोटित उनका अहं उन्हें इस बात तक की अनुमति नहीं देता था कि वे कम-से-कम अपने बच्चों को तो अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाएँ । नवाबी आदतें, अधूरी महत्वाकांक्षाएँ... क्रोध बनकर हमेशा माँ को कँपाती-थरथराती रहती थीं ।	5x1= 5
(i)	निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए**:** 1. लेखिका ने अपने पिता के गुणों के केवल भग्नावशेष देखे । 2. आर्थिक स्थिति बिगड़ने पर भी पिता ने बच्चों को अपनी विवशताओं का	1

	भागीदार नहीं बनाया । 3. अजमेर आकर पिता ने शब्दकोश का काम अकेले शुरू किया । 4. पिता का क्रोध और नवाबी आदतें केवल आर्थिक झटके के कारण उत्पन्न हुई थीं । विकल्प: (क) केवल 1 और 2 सही हैं । (ख) केवल 2 और 4 सही हैं । (ग) 1, 2 और 3 सही हैं । (घ) सभी 1, 2, 3 और 4 सही हैं ।	
(ii)	निम्नलिखित कथन और कारण पर विचार करते हुए उपयुक्त विकल्प का चयन कर लिखिए: कथन (A): आर्थिक स्थिति सिकुड़ने पर भी पिता का अहम् और अधिक विस्फोटित हो गया । कारण (R): वे नवाबी आदतें और अधूरी महत्वाकांक्षाएँ ढो रहे थे, जिसके कारण वे अपनी आर्थिक विवशताओं को छिपाना चाहते थे । विकल्प: (क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है । (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं । (ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है । (घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है ।	1
(iii)	'भग्नावशेष' शब्द का क्या अर्थ है? (क) गुणों का विकास । (ख) किसी टूटी-फूटी वस्तु के शेष भाग या खंडहर । (ग) केवल नया ज्ञान । (घ) अधूरा सपना ।	1
(iv)	पिता का अहं उन्हें किस बात की अनुमति नहीं देता था ? (क) इंदौर वापस जाने की (ख) शब्दकोश पर काम करने की (ग) अपने बच्चों को अपनी आर्थिक विवशताओं का भागीदार बनाने की (घ) माँ पर क्रोध करने की	1
(v)	अजमेर आने के बाद लौखेका के पिता ने कौन-सा अधूरा काम आगे बढ़ाया ? (क) अपने व्यापार का (ख) अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोश (विषयवार) का (ग) अपनी अधूरी महत्वाकांक्षाओं का	1

	(घ) इदौर वापस जाने की योजनाओं का	
प्रश्न **8**	निर्धारित गद्य पाठो के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नो मे से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए ।	3x2= 6
(क)	बालगोबिन भगत अपनी पतोहू को उत्सव मनाने के लिए क्यों कहते हैं ? 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर बताइए ।	
(ख)	'नेताजी का चश्मा' पाठ मे कैप्टन की देशभक्ति का क्या स्वरूप था ?	
(ग)	'लखनवी अदाज़' पाठ के नवाब साहब के व्यवहार को आप कहाँ तक उचित ठहराते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए ।	
(घ)	'संस्कृति' पाठ के अनुसार सभ्यता और संस्कृति मे क्या अतर है ?	
प्रश्न **9.**	निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नो के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए । ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी । अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी । पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी । ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी । प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी । 'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी ॥	5x1= 5
(i)	गोपियों ने उद्धव को 'बड़भागी' कहकर क्या व्यंग्य किया है **?** (क) कि वे बहुत भाग्यशाली हैं । (ख) कि वे श्रीकृष्ण के प्रेम से अछूते रहकर बड़े अभागे हैं । (ग) कि वे बहुत ज्ञानी हैं । (घ) कि वे बहुत सुंदर हैं ।	1
(ii)	'पुरइनि पात' और 'तेल की गागरि' का उदाहरण क्यों दिया गया है **?** (क) उद्धव की सुंदरता बताने के लिए । (ख) उद्धव के ज्ञान को दर्शाने के लिए । (ग) यह बताने के लिए कि उद्धव पर कृष्ण के प्रेम का कोई प्रभाव नहीं पड़ा । (घ) गोपियों की विरह दशा बताने के लिए ।	1
(iii)	'गुर चाँटी ज्यौं पागी' पंक्ति मे कौन-सा अलंकार है **?** (क) उत्प्रेक्षा (ख) यमक (ग) रूपक (घ) श्लेष	1
(iv)	गोपियों ने स्वयं की तुलना किससे की है **?** (क) कमल के पत्ते से (ख) तेल की मटकी से (ग) नदी से (घ) गुड़ से लिपटी चींटियों से	1
(v)	इस पद मे गोपियों का कौन-सा भाव प्रकट होता है **?** (क) क्रोध (ख) निराशा (ग) प्रेम में एकनिष्ठता (घ) ईर्ष्या	1

प्रश्न **10.**	निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग **25-30** शब्दों में लिखिए ।	3x2= 6
(क)	'राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद' के आधार पर बताइए कि परशुराम के क्रोध का क्या कारण था?	
(ख)	'उत्साह' कविता में कवि बादल से फुहार, रिमझिम या बरसने के स्थान पर 'गरजने' के लिए क्यों कहता है?	
(ग)	'यह दंतुरित मुसकान' कविता में कवि बच्चे की मुसकान को 'मृतक में भी डाल देगी जान' क्यों कहता है?	
(घ)	'संगतकार' को 'मनुष्यता' किसे कहा गया है और क्यों?	
प्रश्न **11.**	पूरक पाठ्य-पुस्तक के निर्धारित पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग **50-60** शब्दों में दीजिए ।	2x4= 8
(क)	'माता का अंचल' पाठ में वर्णित तत्कालीन समाज के पारिवारिक परिवेश और आज के पारिवारिक परिवेश में आप क्या अंतर देखते हैं ?	
(ख)	'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में कहा गया है कि 'कटाओ' पर किसी दुकान का न होना एक वरदान है । ऐसा क्यों कहा गया है ? आज के पर्यटन स्थलों के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।	
(ग)	'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक को लिखने के लिए कौन-सी बातें प्रेरित करती हैं ?	
	खण्ड घ **(रचनात्मक लेखन)**	20
प्रश्न **12.**	निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग **120** शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए । (क) डिजिटल इंडिया का सपना ● क्या है डिजिटल इंडिया? ● डिजिटल इंडिया के उद्देश्य और इसके लाभ ● डिजिटल इंडिया की राह में चुनौतियाँ और उनका समाधान (ख) फ़ास्ट फ़ूड: स्वाद या स्वास्थ्य का दुश्मन ● युवाओं में बढ़ता चलन ● आकर्षण के कारण ● स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव (ग) खेलों का जीवन में महत्त्व ● 'स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन' ● शारीरिक और मानसिक लाभ ● खेल-भावना और अनुशासन	1x6= 6

प्रश्न **13.**	किसी एक विषय पर लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । (क) आप सौरभ/सुरभि हैं । आपके क्षेत्र में बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण छात्रों की पढ़ाई में बाधा आ रही है । इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । अथवा (ख) आप सौरभ/सुरभि हैं । आपकी कक्षा के एक मित्र ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है । उसे बधाई देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए ।	1x5= 5
प्रश्न **14.**	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **80** शब्दों में लेखन कीजिए । (क) आप मेधा/माधव हैं। आपने किसी प्रतिष्ठित संस्थान से 'पर्यटन प्रबंधन' में डिप्लोमा किया है । 'यात्रा इंडिया' कंपनी में 'टूर मैनेजर' पद के लिए आवेदन करते हुए लगभग 80 शब्दों में अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायो-डाटा) तैयार कीजिए। अथवा (ख) आप मेधा/माधव हैं । आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस संबंध में, अभिभावकों को आमंत्रित करने हेतु विद्यालय के प्रधानाचार्य की ओर से लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल का प्रारूप तैयार कीजिए ।	1x5= 5
प्रश्न **15.**	निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग **40** शब्दों में लेखन कीजिए । (क) पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पर्यावरण विभाग की ओर से जनहित में जारी एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए । अथवा (ख) आपके बड़े भाई को पदोन्नति मिली है । उन्हें बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक संदेश लिखिए ।	1x4= 4